दैनिक

# नज़रिया खबर

*भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त*




RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 324 | देहरादून, शनिवार 24 मई, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति


## न्यूज डायरी

### पिथौरागढ़ में महसूस किए गए भूकंप झटके, 5.1 रिक्टर रही तीव्रता

**पिथौरागढ़।** पिथौरागढ़ में भूकंप के झटकों से दो बार धरती डोली। आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक भूकंप का केंद्र नेपाल का बैतड़ी था। पहली बार आए भूकंप की तीव्रता 5.1 जबकि इसके बाद आए भूकंप की तीव्रता 3.1 थी। भूकंप से लोग दहशत में रहे। हालांकि इससे कोई नुकसान नहीं हुआ।सीमांत जिले में बीते बृहस्पतिवार देर रात 1.33 बजे जिला मुख्यालय सहित धारचूला, डीडीहाट, कनालीछीना, झूलाघाट सहित अन्य हिस्सों में 5.1 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप से धरती डोली तो लोग नींद से उठकर घरों से बाहर दौड़े। कुछ सेकंड बाद भूकंप शांत होने से लोगों ने राहत की सांस ली। ठीक 12 मिनट बाद फिर 3.7 तीव्रता के झटके महसूस हुए। इससे लोगों में दहशत फैल गई। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेंद्र महर ने बताया कि भूकंप का केंद्र नेपाल में था। उन्होंने कहा कि कहीं से भी नुकसान की सूचना नहीं है।

### कोरोना को लेकर उत्तराखण्ड का स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, सावधानी बरतने के निर्देश

**देहरादून।** दुनिया के कई मुल्कों के साथ ही भारत में भी एक बार फिर कोरोना संक्रमण ने दस्तक दे दी है। पिछले एक हफ्ते में कोरोना संक्रमण के मामले देश के महाराष्ट्र, तमिलनाडु और केरला के साथ ही अन्य राज्यों में सामने आए हैं। जिसको देखते हुए भारत सरकार ने देश के सभी राज्यों के स्वास्थ्य विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग ने भी कोविड–19 के रोकथाम से संबंधित दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ सुनीता टम्टा ने प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को सतर्क रहने के साथ ही सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। जारी दिशा निर्देश के अनुसार, उत्तराखण्ड में भी कोविड–19 प्रबन्धन के लिए सावधानी बरतने की जरूरत है। हालांकि, वर्तमान समय में राज्य में एक भी व्यक्ति में कोराना संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। अभी उत्तराखंड में इसे लेकर स्थिति सामान्य है। स्वास्थ्य सचिव आर राजेश कुमार ने कहा उत्तराखंड में कोविड का एक भी मामला सामने नहीं आया है।

# निजी विश्वविद्यालय पलायन रोकने को शोध एवं अनुसंधान के माध्यम से सहयोग करें: राज्यपाल

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** शुक्रवार को राजभवन में उत्तराखण्ड के स्ववित्तपोषित (निजी) विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ आयोजित बैठक में राज्यपाल एवं कुलाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रतिभाग किया।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से अपेक्षा की कि वे उत्तराखण्ड के मोटे अनाजों (मिलेट्स) के क्षेत्र में, यहां पर उत्पादित शहद के क्षेत्र में, होम स्टे के क्षेत्र में और स्वयं सहायता समूहों को सहयोग के साथ–साथ पलायन को रोकने हेतु शोध एवं अनुसंधान के माध्यम से सहयोग करें। इस अवसर सभी स्ववित्तपोषित विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों द्वारा मुख्यतः प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र–छात्राओं के लिए किए गए प्रयासों, विश्वविद्यालयों की विशेषताओं के आधार पर प्रदेश के राजकीय विभागों को सहयोग, विश्वविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संबंधी किये जा रहे नवाचारों, विश्वविद्यालय अनुदान समिति के मानदंडों के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे शोध एवं प्रकाशन की स्थिति एवं राजभवन के 'एक विश्वविद्यालय–एक शोध' कार्यक्रम के अंतर्गत की गई प्रगति के विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया गया।



राज्यपाल कुलपतियों की बैठक लेते हुए।

बैठक में राज्यपाल ने कहा कि इस संवाद का मुख्य उद्देश्य राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सशक्त, समावेशी एवं तकनीकी रूप से समकालीन बनाना है। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों की भूमिका केवल शिक्षण–प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है बल्कि विश्वविद्यालय समाज व राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम भी हैं और उन्हें उम्मीद है कि उत्तराखण्ड के सभी स्ववित्तपोषित विश्वविद्यालय राज्य की युवा ऊर्जा को सही दिशा देने में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश के स्ववित्तपोषित विश्वविद्यालय निःसंदेह गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ–साथ शिक्षा को रोजगारपरक बनाकर इस क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि सभी विश्वविद्यालय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को महत्व देने के साथ ही बच्चों को इस ओर प्रेरित कर रहे हैं।

शेष खबर पेज आठ पर देखें

# बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटी, 27 यात्री घायल, बस चालक फरार



**उत्तरकाशी।** बस के सडक पर पलटने से 27 यात्री घायल हो गये। जिसके बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। सभी को 108 की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार प्रातः करीब पौने दस बजे एक बस गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर नालूपानी के हेयरपिन बैण्ड पर अनियंत्रित होकर हाइवे पर पलट कर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, बस में मध्यप्रदेश के 41 यात्री सवार थे, 27 यात्रियों को सामान्य चोटें आयी हैं, थाना धरासू पुलिस टीम द्वारा तुरन्त मौके पर पहुंचकर घायलों को 108 व पुलिस हाइवे पैट्रोल के माध्यम से पीएचसी डुण्डा पहुंचाया गया, बस चालक व परिचालक मौके से फरार हैं। तीर्थ यात्री यमुनोत्री से दर्शन कर बस से गंगोत्री की ओर जा रहे थे। सभी यात्री सुरक्षित हैं।

# ई-रिक्शा से शव भेजे जाने की घटना ने उठाए सवाल, अस्पताल की लापरवाही हुई उजागर

**रामनगर (नजरिया खबर ब्यूरो)।** रामनगर संयुक्त चिकित्सालय से एक अमानवीय और चौंकाने वाली घटना सामने आई है। जिसने स्वास्थ्य व्यवस्था की संवेदनहीनता को उजागर कर दिया है। वीरुखाल क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में घायल 32 वर्षीय संदीप रावत की मौत के बाद उसका शव अस्पताल से पोस्टमार्टम हाउस तक एंबुलेंस के बजाय ई–रिक्शा में भेजा गया। इस दृश्य ने स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों को झकझोर कर रख दिया है।



रिक्शा से शव ले जाते हुए।

जानकारी के अनुसार बीते दिन वीरुखाल में हुए सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि संदीप रावत को गंभीर अवस्था में रामनगर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत के बाद जब शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने की बात आई तो अस्पताल में एंबुलेंस न होने के कारण शव को ई–रिक्शा में लादकर भेजा गया।

प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह दृश्य बेहद शर्मनाक और दुखद था। एक ओर सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर शवों को सम्मानजनक ढंग से ले जाने की भी व्यवस्था नहीं होना गंभीर सवाल खड़े करता है।

इस मामले पर संयुक्त चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. विनोद कुमार टम्टा ने कहा कि "मुझे इस मामले की जानकारी नहीं दी गई थी। यदि सूचना मिलती तो एंबुलेंस की व्यवस्था की जाती। सीएमएस के इस बयान से अस्पताल में सूचना और प्रबंधन व्यवस्था की खामियां भी उजागर हो गई हैं। स्थानीय सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने इस घटना पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि शवों को सम्मानजनक तरीके से अंतिम प्रक्रिया तक पहुंचाना स्वास्थ्य विभाग की मूल जिम्मेदारी है। रामनगर के जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में किसी शव के साथ ऐसा असंवेदनशील व्यवहार न हो।

24 May 2025_Copy of Layout 1 5/24/2025 1:17 PM Page 2



# संपादकीय

## आतंक के सामने चुप नहीं बैठेंगे...

थरूर ने कहा कि सरकार ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। हम वहां लोगों को यह समझाने जा रहे हैं कि हमारा अनुभव क्या था और हमने जो किया (ऑपरेशन सिंदूर) वह क्यों किया। और, भविष्य में हमारा रवैया ऐसा क्यों रहेगा। हम बहस करने नहीं जा रहे हैं, बल्कि उन्हें समझाने और लोगों से मिलने जा रहे हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार की सुबह एक बार फिर कहा कि आतंकवाद की घटनाओं से भारत चुप नहीं रहेगा। आतंकवाद के खिलाफ भारत के कूटनीतिक प्रयासों के तहत पांच देशों में उच्च स्तरीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थरूर दिल्ली से रवाना होने से पहले बोल रहे थे। कांग्रेस नेता ने इस मिशन को शांति और उम्मीद का मिशन बताया, जिसका उद्देश्य वैश्विक समर्थन जुटाना और सीमा पार आतंकवाद में पाकिस्तान की भूमिका की ओर ध्यान आकर्षित करना है। थरूर ने कहा कि सरकार ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। हम वहां लोगों को यह समझाने जा रहे हैं कि हमारा अनुभव क्या था और हमने जो किया (ऑपरेशन सिंदूर) वह क्यों किया। और, भविष्य में हमारा रवैया ऐसा क्यों रहेगा। हम बहस करने नहीं जा रहे हैं, बल्कि उन्हें समझाने और लोगों से मिलने जा रहे हैं। ताकि हम इस बारे में बात कर सकें कि हमने अब तक क्या–क्या झेला है। थरूर और उनकी टीम गुयाना, पनामा, कोलंबिया, ब्राजील और अमेरिका का दौरा करेंगे और सरकारों, थिंक टैंक, सांसदों और प्रवासी समुदायों के साथ मिलकर एक एकीकृत संदेश देंगे – भारत आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ मजबूती से खड़ा है। थरूर ने एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश में कहा, यह एक राष्ट्रीय मिशन है। उन्होंने कहा कि हम एक स्वर में बोलेंगे – भारत पर हुए भयानक आतंकी हमले और उसके प्रति हमारी दृढ़ प्रतिक्रिया के बारे में। हम चाहते हैं कि दुनिया समझे कि भारत आतंकवाद से चुप नहीं रहेगा और हम वैश्विक एकजुटता की अपेक्षा करते हैं, उदासीनता की नहीं। उन्होंने कहा कि भारत शांति, लोकतंत्र और स्वतंत्रता के लिए खड़ा है, न कि घृणा या हिंसा के लिए। हमारा संदेश स्पष्ट है और हमारा संकल्प मजबूत है।

# सिंदूरी रंग में रंगा बाजारू युद्ध

**भारत** और पाकिस्तान, दोनों देशों की सीमाओं के आर–पार सुनियोजित तरीके से युद्धोन्माद फैलाया जा रहा है। लोगों की भावनाओं को दांव पर लगाकर इस युद्ध का औचित्य साबित करने की कोशिश की जा रही है। युद्ध अंतिम विकल्प है। इससे बचने की कोशिश करना ही मानव धर्म है, क्योंकि कोई भी युद्ध समाधान नहीं देता, समस्या जरूर खड़ा करता है। बगैर युद्ध किए, किसी संभावित युद्ध को टालकर समस्या का समाधान निकालना सर्वोच्च कूटनीति होती है। कूटनीति की विफलता युद्ध को जन्म देती है। हमें यह कहते हुए कोई अफसोस नहीं कि भारत सरकार की कूटनीति असफल साबित हुई है। दरअसल यह एक बाजारू युद्ध है, जिसमें जन भावनाओं का दोहन, बाजार का मुनाफा, विधानसभा चुनाव की रणनीति, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण –– आदि–आदि सभी एक साथ काम कर रहे हैं। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्यवाही को ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया है। इस नाम को देने का श्रेय परिधान मंत्री मोदी स्वयं ले रहे हैं। पहलगाम में विधवा हुई पर्यटकों को उनके सिंदूर का हवाला देकर युद्ध का औचित्य सिद्ध किया जा रहा है। गोदी मीडिया में पाकिस्तान पर पिछले दो दिनों से भारी बमबारी के बाद अब 'ऑपरेशन सिंदूर' के ट्रेडमार्क का रजिस्ट्रेशन हासिल करने के लिए मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस ने आवेदन कर दिया है। इस युद्ध का अंतिम



नतीजा चाहे जो हो, मोदी के मित्र अंबानी की तिजोरी को भरना तय कर लिया गया है। इसलिए यह केवल भारत और पाकिस्तान के बीच का ही युद्ध नहीं है, बाजार में मुनाफा बटोरने के कौशल के साथ आगे बढ़ने वाला युद्ध है। युद्ध का उन्माद जैसे–जैसे भड़केगा, गोदी मीडिया आम जनता का मनोरंजन करने और मुनाफा कमाने के लिए तैयार बैठा है। दूसरी ओर, हथियारों के अंतर्राष्ट्रीय सौदागरों की आंखें भी चमक रही हैं और इनमें एक बड़ा सौदागर अमेरिका है। वह शांति की अपील भी करेगा और अपने हथियार भी बेचेगा रु खरीदने वाला भारत हो या पाकिस्तान, युद्ध–युद्ध के इस खेल में उसके पौ बारह है।

यह युद्धोन्माद जितना लंबा खींचेगा, संघी गिरोह को विधानसभा चुनाव में उतना ज्यादा फायदा मिलने जा रहा है। परिधान मंत्री सरकार द्वारा आहूत सर्वदलीय बैठकों से ही गायब है। उनके लिए गली कूचों में जाकर पाकिस्तान को ललकारना प्राथमिकता है। जब अमेरिका हमारे देशवासियों की मुश्कें बांधकर, अपने सैनिक विमान से लाकर हमारी जमीन पर पटक रहा था, मोदी की घिग्घी बंधी हुई थी। आम जनता भी मजे से सो रही थी। लेकिन अब विपक्षी दलों को मालूम है कि आम जनता का राष्ट्रवाद जाग गया है और उसकी हिंसक भावना को भड़का दिया गया है, वह पाकिस्तान के साथ कुश्ती लड़कर ही संतुष्ट होना चाहती है। इसलिए वह पाकिस्तान के खिलाफ हर कार्रवाई को आंख मूंदकर समर्थन करने के लिए तैयार है। संघी गिरोह जानता है कि आम जनता को कब जगाना है और कब सुलाना है। विपक्ष तो यहां बड़े कमाल का है। वह आम जनता को जगाने जाती है और उसे जगाते–जगाते खुद सो जाती है। कभी कभी जनता भी उसे झिंझोड़कर जगाने की कोशिश करती है, लेकिन वह जागने का नाम ही नहीं लेती। सोते हुए विपक्ष ने जम्हाई भरकर संघी गिरोह को पाकिस्तान के खिलाफ अपने मन का करने को कह दिया है, न कोई सवाल, न कोई जवाब। डर केवल इतना कि कुछ कह दिया, तो जनता को भी जगाने का काम करना पड़ेगा। अब इतना पुरुषार्थ कौन करें कि खुद भी जागे और जनता को भी जगाए! रहा सवाल चुनावों का, तो भगवान राम सबका भला करेंगे। 15 साल भाजपा को देंगे, तो छत्तीसगढ़ जैसे एक बार कांग्रेस को भी मौका देंगे कि हिसाब–किताब बराबर कर लो! भले पांच साल बाद ईडी–सीबीआई के चक्कर खाते रहना, थोड़ा जेल वगैरह में भी तफरीह कर लेना। जब तक भगवान पर भरोसा कायम रहेगा, सत्ता में आने की आस भी बनी रहेगी। वरना जनता का क्या भरोसा, दोनों को ठुकराकर तीसरे को ले आएं।

# आतंकवाद के जो साथ रहेगा, भारत उसका विरोध करेगा - भारत के 7 डेलिगेशन बनाम पाक का 1 शांति दूत



## चीन,तुर्कीए,अज़रबैजान...पाक के भाईजान की बंद होगी भारत में दुकान-बॉयकॉट, ट्रेड, ट्रेवल्स व सामान

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर भारत की विदेश नीति कूटनीति की सराहना विश्व में तो ही रही है,यहां तक कि पाक के पूर्व पीएम ने भी इसकी तारीफ की थी,विकसित देश भी भारतीय कूटनीति की तारीफ के पुल बांध चुके हैं। अब भारत इसमें और एक अध्याय जोड़ने जा रहा है वह यह है कि हथियारों की लड़ाई में तो भारत ने झंडे गाढ़ दिए हैं अब बौद्धिक क्षमता से पूरे विश्व को कन्वेंस कर आतंकवाद के खिलाफ वार्तालाप कर अपनी वाणी से उन्हें कन्वेंस कर उन्हें सबूत तर्क देकर कूटनीति से अपनी विजय का ठप्पा लगवा कर आतंकवाद के खिलाफ विश्व के सभी देशों को एक मंच पर लाने की रणनीति को क्रियान्वयन किया जा रहा है,ताकि आतंक वाद का उनको पोषण करने वाले देश व उनका सहयोग कर उन्हें वित्त हथियार, ताकत व प्रोत्साहन देकर पोषित करने वाले देशों पर भी शाब्दिक, आर्थिक स्ट्राइक को क्रियान्वयन किया जा रहा है,उन देशों को यह एहसास कराया जा रहा है कि भारत अब पहले जैसा भारत नहीं रहा अब भारत आज का नया भारत है, इसीलिए ही 7 सर्वदलीय डेलिगेशन, चीन तुर्की अजरबैजान पर भारत के नागरिकों द्वारा आर्थिक स्ट्राइक का फैसला लेना रेखांकित करने वाली बात है।चूंकि वैश्विक स्तरपर अब भारत की आतंकवाद के खिलाफ स्ट्राइक,7 डेलिगेशन से घेराबंदी, समर्थक देश की आर्थिक पाबंदी,न झुकेंगे ना रुकेंगे नीति सराहनीय है, इसीलिए चीन तुर्कीए व अजरबैजान..पाक के भाईजान की बंद होगी भारत में दुकान,बॉयकॉट ट्रेड ट्रेवल्स व सामान, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आतंक वाद के जो साथ रहेगा,भारत उसका विरोध करेगा,भारत के 7 डेलिगेशन बनाम पाक का 1 शांति दूत।

साथियों बात अगर हम भारत पाक तनाव व युद्ध में पाक को समर्थन करने वाले देशों की करें तो, पहलगाम हमले के बाद बदलते हालात के बीच तुर्की ने पाक के समर्थन का ऐलान किया था। तुर्की के राष्ट्रपति ने पाक पीएम से बात कर उन्हें हर तरह की मदद की बात कही थी। ऐसी भी खबरें हैं कि तुर्की ने मिलिट्री ट्रांसपोर्ट विमानों के जरिए पाक को हथियारों की बड़ी खेप भेजी है। हालांकि, तुर्की ने इसका खंडन किया है। इतना ही नहीं, भारत से तनाव के बीच तुर्की के एयरफोर्स के कमांडर और खुफिया एजेंसी के प्रमुख ने पाक का दौरा भी किया था।भारत से तनाव के बीच चीन ने खुलकर पाक का समर्थन किया था। चीन ने कहा था कि वह पाकिस्तान की संप्रभुता का समर्थन करेगा और उसके साथ दोस्ती को कायम रखेगा। उसने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच की पाक की मांग का समर्थन भी किया था। गुरुवार को चीनी राजदूत ने पाक पीएम से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ने चीनी राजदूत को भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए तनाव के बारे में जानकारी दी। इस दौरान राजदूत ने कहा कि चीन पाक की वैध सुरक्षा चिंताओं को समझता है और राष्ट्रीय संप्रभुता और सुरक्षा हितों की रक्षा के लिए उसके प्रयासों का समर्थन करता है। साथियों बात अगर हम भारत के खिलाफ चीन के हवाई सुरक्षा सैटेलाइट व खुफिया जानकारी पाक को साझा करने की करें तो, जब भारत और पाकिस्तान की सेनाएं एक–दूसरे पर भारी पड़ने की जुगत में थीं, तब कोई तीसरा खिलाड़ी चुपके से मैदान में उतर आया। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, नई दिल्ली के सेंटर फॉर ज्वाइंट वारफेयर स्टडीज ने खुलासा किया कि चीन ने पाक को हवाई सुरक्षा, सैटेलाइट सपोर्ट और खुफिया जानकारी देकर इस जंग में उसका साथ दिया। साथियों बात अगर हम भारत के विरोध के कारण आईएमएफ द्वारा 18 मई 2025 को पाक के खिलाफ और 11 शर्तें लागू करने की करें तो भारत–पाकिस्तान तनाव के बीच पाक को भारी–भरकम कर्ज देने के बाद अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) को अब शायद अपना पैसा डूबने का खतरा महसूस होने लगा है. पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक,इसके चलते आईएम एफ ने अपने बेलआउट पैकेज की अगली किस्त जारी करने के लिए पाकिस्तान पर 11 नई शर्तें लगाई हैं और इसके बाद चं पर कुल शर्तें बढ़कर 50 हो गई हैं। आईएमएफ की ओर से पाक को दो टूक कह दिया गया है कि अगर ये शर्तें पूरी नहीं होती हैं, तो फिर उसे अगली किश्त जारी नहीं हो सकेगी

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विशेष विश्लेषण करें तो हम पाएंगे किआतंकवाद के जो साथ रहेगा,भारत उसका विरोध करेगा – भारत के 7 डेलिगेशन बनाम पाक का 1 शांति दूत।चीन, तुर्कीए, अजरबैजान...पाक के भाईजान की बंद होगी भारत में दुकान–बॉयकॉट,ट्रेड, ट्रेवल्स व सामानवैश्विक स्तरपर अब भारत की आतंकवाद के खिलाफ स्ट्राइक–7 डेलिगेशन से घेराबंदी,समर्थक देश की आर्थिक पाबंदी,न झुकेंगे न रुकेंगे की नीति सराहनीय।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

# हरिद्वार का होगा समग्र विकासः मंत्री सतपाल महाराज

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश के लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण,पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री विधायक सतपाल महाराज की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में समिति द्वारा जिला योजना में वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु जनपद के लिए कुल प्रस्तावित परिव्यय 67.35 करोड़ की धनराशि का अनुमोदन किया गया। सीसीआर सभागार में गुरुवार को आयोजित बैठक में जनपद प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि सभी के कुछ न कुछ विचारों को योजना में समाहित करते हुए जनपद का समग्र विकास किया जायेगा। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जिला योजना में सीमित बजट से ज्यादा महत्व की योजनाओं को विशेष महत्व दिया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि जनहित में तेजी से काम करते हुए विकास की गति को आगे



जिला योजना समिति की बैठक लेते जिले के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज।

बढ़ाया जाये। उन्होंने सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में शीघ्र ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ लखनऊ में बैठक होने वाली है, जिसके लिए लगभग सभी तैयारियां कर ली गई हैं।

उन्होंने कहा कि इकबालपुर नहर में 450 क्यूसेक पानी चाहिए तथा सीलाखाले के लिए भी तैयारियां पूरी हैं। उन्होंने कहा कि बाढ़ नियंत्रण हेतु नालों के ऊपर से अतिक्रमण हटवाकर सफाई कराई जायेगी। उन्होंने वन विभाग को बजट स्वीकृति के दौरान निर्देशित करते हुए कहा कि ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव विभिन्न क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है और व्यक्ति सकून से कुछ समय बिताने के लिए शहर से निकलर जंगल की ओर रूख कर रहे हैं। इसलिए जंगलों के रास्ते में मोबाईल नेटवर्क की उपलब्धता एवं अनउपलब्धता के बारे में सूचना पट्ट लगाये जाये तथा जंगलों के आस–पास स्थित ग्रामीण क्षेत्रों में गांव के नाम का बोर्ड अवश्य लगाया जाये ताकि कोई भी व्यक्ति अनावश्यक परेसान न हो।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को बजट स्वीकृति के दौरान महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश देते हुए कहा कि संभावित कोविड–19 के नए वेरिएण्ट से लड़ने की पूरी तैयारी है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि बदलते खान–पान एवं दिनचर्या में योग तथा आयुर्वेद को अपनायें तथा इम्युनिटी बूस्ट करने पर विशेष ध्यान दें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे ने जिया योजना की जानकारी देते हुए बताया कि चालू वित्तीय वर्ष के लिए शासन द्वारा हरिद्वार का परिव्यय धनराशि 6735.60 लाख निर्धारित की गई है। जिसमें से सामान्य मद में 5297.60 लाख रूपये, अनुसूचित जाति मद में 1404.50 लाख रूपये तथा अनुसूचित जनजाति मद में 33.50 लाख रूपये निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि शासन से प्राप्त दिशा–निर्देशानुसार चालू एवं वचनबद्ध कार्यों में लगभग 65 प्रतिशत धनराशि तथा विभिन्न विभागों के नवीन कार्यों हेतु 35 प्रतिशत धनराशि की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि कुल परिव्यय की 19 प्रतिशत से अधिक धनराशि स्वरोजगार तथा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने हेतु प्राविधानित की गई है।

## स्पोर्ट्स स्टेडियम का नाम बदलने पर आन्दोलन की चेतावनी

**हरिद्वार।** स्पोर्ट्स स्टेडियम के नाम बदलने का मामला तूल पकड़ता दिखाई दे रहा है। अब भीम आर्मी ने इसका विरोध करने पर अमादा है। इस मामले में भीम आर्मी ने आन्दोलन की चेतावनी दी है। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए भीम आर्मी के प्रदेश प्रभारी दीपक सेठपुर ने कहा कि वंदना कटारिया स्टेडियम का नाम बदलने से वर्तमान सरकार की दलित विरोधी मानसिकता दिखाई पड़ रही है। वंदना कटारिया हाकी स्टेडियम केवल एक खेल स्थल के रूप में सरकार देख रही है, लेकिन यह हाकी स्टेडियम सामाजिक चेतना के लिए एक देश के युवाओं के लिए राज्य, राष्ट्रीय और अन्तराष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण प्रेरणास्थल है।कहा अगर सरकार फैसला वापस नहीं लेती है, तो भीम आर्मी आंदोलन करेगी। इस दौरान वंदना कटारिया के भाई पंकज कटारिया ने कहा कि सरकार से यह उम्मीद नहीं थी। इस फैसले से हमे दुख हुआ।

## महाराज ने दुर्घटना में मारे गए मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता के निर्देश दिए

**पौड़ी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश के लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण,पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति मंत्री एवं चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने अपने विधानसभा क्षेत्र स्थित विकासखण्ड बीरोंखाल के सुखई में बोलेरो वाहन दुर्घटना में मारे गए कुंड निवासी संदीप पुत्र भीम सिंह एवं नगासु पजेड़ा निवासी बिलेश्वरी देवी पत्नी कुशाल सिंह की मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

कैबिनेट मंत्री एवं चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने अपने विधानसभा क्षेत्र स्थित विकासखण्ड बीरोंखाल के सुखई में बोलेरो वाहन दुर्घटना में मारे गए कुंड निवासी संदीप पुत्र भीम सिंह एवं नगासु पजेड़ा निवासी बिलेश्वरी देवी पत्नी कुशाल सिंह की मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी पौड़ी को मृतकों के परिजनों को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने और घायलों के इलाज की उचित व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिए हैं।

ज्ञात हो कि बुधवार को विकास खण्ड बीरोंखाल के ग्राम सुखई में बोलेरो वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। जिसमें कुल सात लोग सवार थे इनमें से बिलेश्वरी देवी पत्नी कुशाल सिंह की मोके पर ही मौत हो गई थी जबकि गंभीर घायल कुंड निवासी संदीप पुत्र भीम सिंह की रामनगर अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। जबकि घायल पांच लोगों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

## वीर जवान कैप्टन दीपक सिंह को मरणोपरांत मिला शौर्य चक्र

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड के वीर सपूत कैप्टन दीपक सिंह को अदम्य साहस के लिए मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले कैप्टन दीपक सिंह की मां और पिता को शौर्य चक्र प्रदान किया। इस मौके पर बेटे की वीरता पर शौर्य चक्र पाकर उनके माता–पिता भावुक हो गए।

14 अगस्त 2024 को जम्मू कश्मीर के डोडा जिले के अस्सर के शिवगढ़ धार इलाके में भारतीय सेना के 48 राष्ट्रीय राइफल्स के कैप्टन दीपक सिंह शहीद हो गए थे। इससे पहले सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम को खुफिया इनपुट मिला था कि आतंकी छिपे हुए हैं। जिस पर कैप्टन दीपक सिंह के नेतृत्व में दो दलों को तैनात



शहीद कैप्टन दीपक सिंह का चित्र।

किया। लगातार निगरानी के बाद शाम करीब साढ़े 7 बजे के आसपास आतंकियों की गतिविधि नजर आई। इसके बाद कैप्टन दीपक ने अपनी टुकड़ी को संगठित कर आतंकियों की घेराबंदी शुरू कर दी। इसके तहत जवानों ने सटीक निशाना लगातार एक आतंकी को घायल कर दिया। अंधेरा होने और आतंकियों के चट्टान के पीछे छिपे होने की वजह से काफी चुनौती पेश आई, लेकिन दीपक सिंह पूरी रात अपनी टुकड़ी के साथ डटे। अगली सुबह कैप्टन दीपक सिंह ने तलाशी अभियान शुरू किया। मुठभेड़ में शहीद हुए दीपक सिंहरू तलाशी अभियान के दौरान एम 4 असॉल्ट राइफल के साथ गोला बारूद बरामद हुआ। इसी बीच चट्टान के पीछे छिपे घायल आतंकी ने फायरिंग शुरू कर दी। जिस पर कैप्टन दीपक सिंह ने अपने प्राणों की चिंता न करते हुए अपने साथी को सुरक्षित पीछे किया और खुद आगे जाकर आतंकी को मुंहतोड़ जवाब देना शुरू किया। काफी देर तक आमने–सामने गोलीबारी चली. जिसमें कैप्टन दीपक घायल हो गए। कैप्टन दीपक सिंह को आर्मी हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर उनकी जान नहीं बचा पाए।

## चार दिवसीय गढ़वाल भ्रमण पर मंत्री डा. धन सिंह रावत, विभिन्न जनपदों में करेंगे दौरा

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत गढ़वाल मंडल के चार दिवसीय दौरे पर रहेंगे। अपने भ्रमण कार्यक्रम के तहत डॉ. रावत पौड़ी, रूद्रप्रयाग और टिहरी जनपद में विभागीय योजनाओं की प्रगति परखेंगे, साथ ही विभिन्न विकासपरक योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी करेंगे। इसके अलावा वह रूद्रप्रयाग में उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा–2025 के मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित करेंगे। डॉ. रावत भरसार विश्वविद्यालय में आयोजित किसान गोष्ठि में भी प्रतिभाग करेंगे साथ ही



वह पैदल मार्ग से बूढ़ा भरसार भी जायेंगे।

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि वह आगामी 26 मई तक गढ़वाल मंडल के दौरे पर रहेंगे। अपने चार दिवसीय दौरे के दौरान वह रूद्रप्रयाग, पौड़ी और टिहरी जनपद का भ्रमण करेंगे। उन्होंने बताया कि अपने दौरे की शुरूआत वह अपनी विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर में आयोजित तिरंगा यात्रा से करेंगे, जो शुक्रवार को रामलीला मैदान में आयोजित होगी। इसके उपरांत वह रूद्रप्रयाग जनपद जायेंगे, जहां पर वह उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा–2025 में जनपद स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित करेंगे। इसके साथ ही वह जिला पुस्तकालय का भी लोकार्पण करेंगे। इसके उपरांत डॉ. रावत सुमाड़ी–भरदार में राजीव गांधी नवोदय विद्यालय का भूमिपूजन व शिलान्यास करेंगे। इसके बाद डॉ. रावत अगस्त्यमुनि में पीजी कॉलेज के परीक्षा भवन का शिलान्यास तथा गुप्तकाशी में राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अभियान (रूसा) द्वारा नव निर्मित विवेकानंद प्रशासनिक एवं कला संकाय भवन का लोकार्पण करेंगे। शनिवार को डॉ. रावत जिलाधिकारी सभागार पौड़ी में विकास योजनाओं के सबंध में जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक लेंगे, जिसमें जिलाधिकारी सहित अर्थ एवं सांख्यिकीय, पुरातत्व विभाग के अधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके उपरांत डॉ. रावत मरगांव में विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। जिनमें राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मरगांव के मरम्मत कार्य, सौन्दर्यीकरण, चौरीखाल से मरगांव मोटरमार्ग के सुधारीकरण एवं डामरीकरण कार्य व उकांलखिल गांव का सड़क मार्ग शामिल हैं। इसके बाद डॉ. रावत चौंरीखाल में इंटर कॉलेज के भवन का सौन्दर्यीकरण का शिलान्यास करेंगे जबकि कॉलेज से चौंरीखाल जाने वाले इंटरलॉकिंग टाइल द्वारा निर्मित रास्ते व उलाण गांव की सड़क का लोकार्पण करेंगे।

# 'विश्व मधुमक्खी दिवस' पर केवीआईसी के केंद्रीय कार्यालय में 'स्वीट क्रांति उत्सव' का हुआ आयोजन

**अध्यक्ष केवीआईसी ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'स्वीट क्रांति' ने बदला मधुमक्खी पालकों और किसानों का जीवन**

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने बीते मंगलवार को इर्ला रोड, विले पार्ले मुंबई (पश्चिम) स्थित अपने केंद्रीय कार्यालय में 'विश्व मधुमक्खी दिवस–2025' के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया।

इस वर्ष की आयोजन थीम प्रकृति से प्रेरित मधुमक्खी, सबके जीवन की पोषक पर आधारित थी, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण ष्श्वेत क्रांति से स्वीट क्रांति के अभियान को सशक्त करता है। इस अवसर पर महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों से आए मधुमक्खी पालक लाभार्थी, प्रशिक्षु, वैज्ञानिकों, सफल मधुमक्खी पालकों, छात्रों, और विशेषज्ञों की उपस्थिति में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में केवीआईसी की उपलब्धियों को साझा किया गया। यह आयोजन न केवल एक तकनीकी मंच रहा, बल्कि ग्रामीण भारत के नवाचार, प्रेरणा और स्वावलंबन की सजीव मिसाल बना। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि केवीआईसी अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुश्री रूप राशि की उपस्थिति में किया। मुख्य अतिथि मनोज कुमार ने अपने संबोधन में कहा, मधुमक्खियां हमारे पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ हैं। ये न केवल शहद देती हैं, बल्कि परागण के जरिए हमारी खेती को समृद्ध करती हैं और पर्यावरण का संरक्षण करती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किया गया 'हनी मिशन' आज गांवों की आजीविका का बड़ा आधार बन चुका है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने जब 'स्वीट क्रांति' का आह्वान किया, तब उन्होंने एक नया रास्ता दिखाया; जिसमें शहद उत्पादन न केवल आर्थिक समृद्धि का, बल्कि स्वास्थ्य समृद्धि का भी स्रोत बना। उनके नेतृत्व में केवीआईसी ने इस दिशा में जो कार्य किया है, वह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है। अध्यक्ष केवीआईसी ने विशेष रूप से केवीआईसी के 'हनी मिशन' की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि केवीआईसी द्वारा अब तक देशभर में 2,29,409 मधुमक्खी बक्से और मधु कॉलोनियां वितरित की गई हैं, जिससे लगभग 20,000 मीट्रिक टन शहद का उत्पादन हुआ है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2024–25 में हनी मिशन से जुड़े मधुमक्खी पालकों ने करीब 25 करोड़ रुपये मूल्य का शहद विदेश में निर्यात किया है। इस अवसर पर केवीआईसी की सीईओ रूप राशि ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया।



प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए।

उन्होंने कहा, ष्हनी मिशन केवल एक योजना नहीं, बल्कि यह एक समग्र आजीविका मॉडल है। आज ग्रामीण क्षेत्रों में हजारों युवाओं, महिलाओं और किसानों को इस मिशन से रोजगार मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि केवीआईसी द्वारा संचालित हनी प्रोसेसिंग प्लांट्स, प्रशिक्षण केंद्र और मार्केटिंग नेटवर्क ने मधुमक्खी पालन को आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर किया है।

कार्यक्रम में केंद्रीय मधुमक्खी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, पुणे की ऐतिहासिक भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। बताया गया कि वर्ष 1962 में स्थापित इस संस्थान ने आज तक 50,000 से अधिक मधुमक्खी पालकों को आधुनिक तकनीकों की ट्रेनिंग दी है। ब्ठत्ज् का उद्देश्य न केवल शहद उत्पादन को बढ़ावा देना है, बल्कि किसानों को परागण के माध्यम से कृषि और बागवानी उत्पादकता बढ़ाने की जानकारी देना, मधुमक्खी पालन से संबंधित अनुसंधानों को बढ़ावा देना और उद्यमिता विकास को सशक्त करना भी है। कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिकों ने बताया कि मधुमक्खियां केवल शहद उत्पादन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि लगभग 75 प्रतिशत खाद्य फसलों का परागण मधुमक्खियों के माध्यम से होता है।

## कौशलम राज्य एक्सपोः युवा उद्यमियों ने नए विचारों से जगाई उम्मीद की लौ

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड के 13 जिलों से चुनी गई 117 विद्यार्थियों की 39 टीमों ने आज 'कौशलम् राज्य एक्सपो 2025' में हिस्सा लिया, जो राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) के नेतृत्व और उद्यम लर्निंग फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत गैलरी वॉक से हुई, जहां विद्यार्थियों ने अपने–अपने स्टॉल पर अपने व्यावसायिक मॉडल प्रस्तुत किए। इस आयोजन में विद्यार्थी विविधता से भरपूर व्यावसायिक विचार लेकर आए, जिनमें स्थानीय संसाधनों, पर्यावरण और सांस्कृतिक विरासत का नवोन्मेषी उपयोग देखने को मिला। बांस, जड़ी–बूटियाँ, कृषि उत्पादों के अलावा तकनीकी नवाचारों का भी प्रभावशाली समावेश था। विशेष रूप से, एक विद्यार्थी ने कपड़ो का ब्रांड बनाया है, जिसमें महिलाओं के लिए पारंपरिक और आधुनिक फैशन के अनूठे संगम के साथ एक समृद्ध कलेक्शन तैयार किया गया है। वहीं, एक अन्य टीम ने पुराने जीन्स को पुनः उपयोग करके पर्यावरण की सुरक्षा और उद्यमशीलता दोनों को समेटे हुए आकर्षक हैंडबैग बनाए, जो न केवल नवाचार का उदाहरण हैं बल्कि स्थिरता की भी मिसाल हैं। विद्यार्थियों ने कक्षा 11 के व्यवसायिक प्रोजेक्ट के आधार पर अपने इनोवेटिव प्रोडक्ट्स प्रस्तुत किए, जो पहले स्कूल और जिला स्तर की कड़ी प्रतिस्पर्धा से सफल होकर इस मंच तक पहुँचे।

## डीएम व एसएसपी ने किया आईएसबीटी फ्लाईओवर का निरीक्षण

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** एसएसपी अजय सिंह व जिलाधिकारी सविन बसंल ने आईएसबीटी फ्लाईओवर से होकर हरिद्वार बाईपास जाने वाले वाहनों के लिए बनाये गये डायवर्ट प्वाइंट का निरीक्षण किया।

आईएसबीटी पर यातायात के दबाव को कम करने के लिए शिमला बाईपास चौक की ओर से आने वाले वाहनो को आईएसबीटी फ्लाईओवर से होकर कारगी चौक हरिद्वार बायपास की ओर भेजने के लिए फ्लाईओवर पर बनाया गया है डाइवर्ट पॉइंट सुरक्षा के पहलु से डायवर्ट पॉइंट पर रिफ्लेक्टर, साइन बोर्ड व अन्य सुरक्षात्मक कदम उठाने के उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए) जिलाधिकारी सविन बसंल तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह द्वारा आईएसबीटी फ्लाई ओवर का भौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण




आईएसबीटी फ्लाईओवर का निरीक्षण करते डीएम।


के दौरान जिलाधिकारी तथा एसएसपी द्वारा आईएसबीटी में यातायात के दबाव को कम करने के लिये शिमला बाईपास की ओर से आने वाले वाहनों को आईएसबीटी फ्लाईओवर से होते हुए कारगी,

हरिद्वार बाईपास की ओर जाने हेतु फ्लाईओवर पर बनाये गये डाइवर्ट पॉइंट का जायजा लिया गया। इस दौरान जिलाधिकारी तथा एसएसपी द्वारा फ्लाईओवर पर बनाने गए डाइवर्ट पॉइंट के शुरू होने से आईएसबीटी की यातायात व्यवस्था पर पड़े प्रभाव के संबंध में उपस्थित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की गई, साथ ही फ्लाईओवर पर वाहनों के सुरक्षित आवाजाही हेतु डाइवर्ट पॉइंट पर रिफ्लेक्टर, साइन बोर्ड व अन्य सुरक्षात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

## धाम यात्रा 2025: पहले तीन सप्ताह में श्रद्धालु संख्या में 21 प्रतिशत की गिरावट: एसडीसी फाउंडेशन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** चार धाम यात्रा 2025 के पहले तीन सप्ताहों में पिछले वर्ष 2024 की तुलना में श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। यह गिरावट यात्रा के पहले सप्ताह से ही शुरू हो गई थी और पिछले तीन सप्ताहों से लगातार जारी है।

देहरादून स्थित उत्तराखंड के पर्यावरण और क्लाइमेट के मुद्दों की डाटा बेस्ड एडवोकेसी पर काम करने वाली संस्था, सोशल डेवलपमेंट फॉर कम्युनिटीज (एसडीसी) फाउंडेशन के विश्लेषण के अनुसार, 30 अप्रैल से 20 मई 2025 के बीच कुल 10,91,406



श्रद्धालु चार धाम यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ पहुंचे। जबकि 10 मई से 30 मई 2024 के बीच यह संख्या 13,84,688 थी। यानी कुल 2,93,282 श्रद्धालु कम पहुंचे, जो कि 21: की गिरावट को दर्शाता है। एसडीसी फाउंडेशन के संस्थापक अनूप नौटियाल ने कहा, "इस साल यात्रा की शुरुआत से ही गिरावट देखी जा रही है, और तीनों सप्ताहों में यह सिलसिला जारी रहा है। जहां दूसरे सप्ताह में भारत–पाक तनाव का असर देखने को मिला, वहीं पिछले साल के रुझानों के आधार पर यह उम्मीद थी कि 15 मई के बाद श्रद्धालु संख्या में तेजी आएगी। लेकिन ऐसा नहीं हो सका।"

फाउंडेशन के विश्लेषण के अनुसार, पिछले वर्ष 14 से 20 मई और इस वर्ष 14 से 20 मई के दौरान यमुनोत्री में 27:, केदारनाथ में 26 प्रतिशत और गंगोत्री में 20 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इस अवधि में केवल बद्रीनाथ में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य कारण 12 वर्षों बाद आयोजित हो रहा पुष्कर कुंभ मेला है। एसडीसी फाउंडेशन बीते कई समय से चार धाम यात्रा पर आधारित आधिकारिक आंकड़ों का विश्लेषण करता रहा है।

वर्ष 2024 में, फाउंडेशन ने 'उत्तराखंड चार धाम यात्रा 2024रू डाटा इनसाइट्स, चौलेंजेज एंड ऑप्पोरटुनिटीज शीर्षक से एक विस्तृत रिपोर्ट प्रकाशित की थी, जिसे तत्कालीन मुख्य सचिव को सौंपा गया था। इस रिपोर्ट में भीड़ प्रबंधन, पारिस्थितिकी सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधा, विभिन्न हितधारकों के साथ परामर्श और केरिंग कैपेसिटी के आधार पर हर धाम पर प्रतिदिन आने वाले श्रद्धालुओं की सीमा तय करने जैसे कई सुझाव शामिल थे। रिपोर्ट में यह सिफारिश भी की गई थी कि पंजीकरण प्रणाली को अधिक सरल और व्यवस्थित बनाया जाए, जो अक्सर जटिलता और अव्यवस्था के कारण श्रद्धालुओं और यात्रा प्रबंधकों दोनों के लिए परेशानी का बड़ा कारण बनती है। अनूप नौटियाल ने कहा, "हमने राज्य सरकार को हमेशा डेटा, रुझानों और अनुभवों के आधार पर रचनात्मक सुझाव दिए हैं।

# लालकुआं में निकाली तिरंगा सम्मान यात्रा में सांसद विधायक समेत सैकड़ों लोगों ने की शिरकत


लालकुआं में तिरंगा सम्मान यात्रा निकालते क्षेत्रवासी

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेवा के शौर्य एवं पराक्रम को नमन करने के लिए नगर में निकाली गई भव्य तिरंगा सम्मान यात्रा में पूर्व रक्षा राज्य मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट, विधायक डॉ मोहन बिष्ट एवं युवा भाजपा नेता दीपेंद्र कोश्यारी ने विशेष रूप से भाग लिया। सैकड़ो लोगों की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी गरिमामयी बना दिया।

यात्रा की शुरुआत नगर के हाट बाजार से हुई, जिसमें अजय भट्ट स्वयं तिरंगा हाथ में लेकर सबसे आगे चलते नजर आए। यात्रा के दौरान उन्होंने नागरिकों से संवाद किया और युवाओं को देशभक्ति, अनुशासन और सेवा भावना के लिए प्रेरित किया।

सभा को संबोधित करते हुए श्री भट्ट ने कहा ष् तिरंगा सम्मान यात्रा' न केवल एक प्रतीकात्मक यात्रा है, बल्कि यह हमारे वीर सैनिकों के बलिदान और देशभक्ति की भावना को जन–जन तक पहुंचाने का माध्यम भी है। हमें गर्व है कि देश का हर नागरिक सेना के प्रति सम्मान और गर्व की भावना रखता है।ष्

उन्होंने आगे कहा कि भारत की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं और देश की सेना किसी भी चुनौती से निपटने में पूरी तरह सक्षम है।

बिंदुखत्ता के शहीद स्मारक स्थल पर कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया जहां भारी संख्या में भाजपा नेताओं ने क्षेत्र वासियों को संबोधित किया इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक डॉ मोहन बिष्ट, पूर्व विधायक नवीन दुम्का, दिनेश खुल्बे, युवा भाजपा नेता दीपेंद्र कोश्यारी, लालकुआं मंडल अध्यक्ष अरुण जोशी, बिंदुखत्ता के अध्यक्ष नवीन पपोला, हल्दूचौड़ के मंडल अध्यक्ष रोहित दुम्का, दीवान सिंह बिष्ट, चौधरी सर्वदमन सिंह, कुंदन चुफाल, राजकुमार सेतिया, पवन कुमार चौहान, लाल चंद्र सिंह, विनोद श्रीवास्तव, धन सिंह बिष्ट, लक्ष्मण खाती, तारा चन्दोला, बॉबी संभल, सचिन अग्रवाल, जगदीश पन्त, जीवन कबड़वाल, संजय अरोड़ा रमेश कुनियाल तमाम स्कूलों के बच्चे पुलिस प्रशासन समेत कई विभागों के कर्मचारी भी शामिल थे।

# स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर के खिलाड़ी मोहम्मद अरहम ने राष्ट्रीय स्तर पर दिखाया प्रतिभा का जलवा



**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर और उत्तराखंड पब्लिक स्कूल गोपेश्वर के होनहार फुटबॉल खिलाड़ी मोहम्मद अरहम (पुत्र श्री तनवीर अहमद) ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

हाल ही में कॉर्बेट फुटबॉल क्लब, रुद्रपुर (उधम सिंह नगर) में उत्तराखंड फुटबॉल टीम के सब–जूनियर बालक वर्ग का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से प्रतिभावान खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस कैंप का संचालन कॉर्बेट फुटबॉल क्लब के प्रशिक्षकों द्वारा किया गया। मोहम्मद अरहम के शानदार खेल कौशल को देखते हुए उन्हें कॉर्बेट फुटबॉल क्लब की सब–जूनियर फुटबॉल टीम से खेलने के लिए आमंत्रित किया गया। इसके बाद, ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के द्वारा 15 मार्च 2025 से 10 अप्रैल 2025 तक सब–जूनियर फुटबॉल आई लीग का आयोजन एमेनिटी स्पोर्ट्स अकेडमी रुद्रपुर उधम सिंह नगर में किया गया उन्होंने कॉर्बेट फुटबॉल क्लब की ओर से हिस्सा लिया और शानदार प्रदर्शन किया। उनके खेल प्रदर्शन करते हुए कॉर्बेट फुटबॉल क्लब ने इस लीग के दूसरे राउंड के लिए क्वालीफाई किया, जो कि 14 मई से 26 मई 2025 तक तमिलनाडु में आयोजित हो रहा है। इससे पूर्व भी मोहम्मद अरहम उत्तराखंड की सब–जूनियर फुटबॉल टीम में अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं। वर्तमान में वह गोपेश्वर स्पोर्ट्स स्टेडियम में कार्यरत श्री तनवीर अहमद फुटबॉल कोच से फुटबॉल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

# ग्रामीण पर्यटन का सफल उदाहरण बना रुद्रप्रयाग का सारी गांव

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** ग्रामीण पर्यटन और स्वरोजगार की मिसाल कायम कर रहा है। सारी गांव में इस वक्त करीब 50 होम स्टे संचालित हो रहे हैं, जिसमें ढाई सौ से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है।

सारी गांव में होम स्टे की शुरुआत, 1999 में माउंटेन गाइड मुरली सिंह नेगी ने की, तब उन्होंने अपने पुराने घर की मरम्मत करते हुए, इस क्षेत्र में ट्रैकिंग के लिए आने वाले पर्यटकों को ठहरने और खाने की सुविधा प्रदान की। चूंकि यहां वर्ष भर पर्यटकों की आवाजाही रहती है, इस कारण जल्द ही अन्य लोगों ने भी अपने परम्परागत घरों के दरवाजे पर्यटकों के लिए खोल दिए। ग्रामीण शुरुआत से ही, पर्यटकों को पहाड़ी जीवनशैली के अनुरूप आवास और भोजन उपलब्ध कराते थे, जो पर्यटकों को नया अनुभव देता था। अब वर्तमान में यहां होम स्टे की संख्या 50 तक पहुंच गई है, जिसमें से 41 पर्यटन विभाग के पास पंजीकृत हैं, कई लोगों ने प्रदेश सरकार की दीन दयाल उपाध्याय पर्यटक होम स्टे योजना के तहत भी होम स्टे शुरु किए हैं। इसके अलावा 30 लोगों को ट्रेकिंग ट्रक्शन सेंटर होम–स्टे योजनान्तर्गत के तहत अनुदान मिला है। स्थानीय ग्रामीण जीएस भट्ट बताते हैं कि गत वर्ष गांव में करीब सात हजार पर्यटक ठहरने के लिए आए। स्वरोजगार के चलते गांव में पलायन बहुत कम है, साथ ही अन्य गांवों के विपरीत सारी गांव पूरी तरह जीवंत बना हुआ है।

# जन औषधि केंद्र खुलने से लोगों को मिलेंगी सस्ती और गुणवत्ता परक दवाएं



**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जन औषधि केंद्र के संबंध में चर्चा की गई। इस बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी और प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक को गोपेश्वर और कर्णप्रयाग चिकित्सालयों में चिकित्सकों को जेनरिक दवाएं लिखने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जन औषधि केंद्र के संचालक जागरूकता संबंधी बैनर अस्पताल में लगाएंगे जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को जन औषधि केंद्र के बारे में जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा इस पहल से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा साथ ही लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयाँ उपलब्ध होंगी। इससे मरीजों को आर्थिक रूप से भी राहत मिलेगी और वे अपने इलाज पर होने वाले खर्च को कम कर पाएंगे।

गौरतलब है कि चमोली जिले के गोपेश्वर और कर्णप्रयाग में जन औषधि केंद्र का संचालन किया जा रहा है। जन औषधि केंद्र योजना भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों को सस्ती कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण जेनरिक दवाइयाँ उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत जेनरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50–80: कम कीमत पर उपलब्ध होती हैं।

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिषेक गुप्ता, डॉ अमित जैन, जन औषधि केंद्र संचालक संजीव वर्मा मौजूद रहे।

# मानसून सीजन की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने ली संबंधित विभागों की बैठक



**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मानसून सीजन की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने शुक्रवार को सभी एसडीएम, बीडीओ, ईओ, सिंचाई विभाग व सड़क संबंधित विभागों की बैठक ली।

जिलाधिकारी ने सभी सड़क निर्माण दायी संस्थाओं को सडकों का मलबा हटाने व नालियों की सफाई करने के निर्देश दिए। पीएमजीसवाई पोखरी और एनपीसीसी द्वारा मलबा हटाने को लेकर की जा रही कार्यवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर समय से मलबा नहीं हटाया गया तो आपदा एक्ट में कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों, सभी नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को अपने क्षेत्रान्तर्गत मानसून अवधि में नियमित अंतराल में नालियों की सफाई करने, विगत वर्षो में जिन क्षेत्रों में जल बहाव हुआ है उन पर विशेष निगरानी रखने व जल के प्राकृतिक बहाव में अतिक्रमण से हो रहे अवरोध को हटाने को लेकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि कूड़े को परोपर तरीके से निस्तारण किया जाए, नालियों में कूड़ा ना जाए।

वहीं मानसून में जिन स्थानों पर ज्यादा जल भराव होता है उन स्थानों को चिन्हित करते हुए लोगों को शिफ्ट करने को लेकर भवन चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम जोशीमठ को मारवाड़ी से जोशीमठ तक नालियों में लोहे के तार वाली जाली लगाने को लेकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

सिंचाई विभाग को मानसून से पहले नहर व नालों की साफ सफाई करने के साथ ही सिंचाई खण्ड थराली को पन्ती गदेरे के मलबा निस्तारण को लेकर कार्यवाही करने और सिंचाई खण्ड गोपेश्वर को बुराली गदेरे का कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

# धाम में सिक्स सिग्मा ने मेडिकल सेंटर और एसीएलएस एम्बुलेंस का हुआ उद्घाटन

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चार धाम यात्रा मार्ग और धामों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में बदरीनाथ धाम में भी स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जा रहा है। जिसके तहत शुक्रवार को बदरीनाथ धाम में सिक्स सिग्मा हाई एल्टीट्यूड मेडिकल सेंटर और एसीएलएस (एडवांस क्रिटिकल लाइफ सर्पोट) एम्बुलेंस का अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने उद्घाटन किया।



बदरीनाथ धाम में अपर जिलाधिकारी ने रिबन काटकर सिक्स सिग्मा हाई एल्टीट्यूड मेडिकल सेंटर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की ओर से चारों धामों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहरत उपलब्ध कराने के लिए कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत राज्य के चिकित्सालयों को संसाधन संपन्न किया जा रहा है। ऐसे में सिग्स सिग्मा की ओर से बदरीनाथ धाम में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए स्थापित मेडिकल सेंटर तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर सहयोग प्रदान करेगा।

सिक्स सिग्मा की डॉ सपना ने बताया कि बदरीनाथ धाम में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की मंशा से मेडिकल सेंटर स्थापित किए गए हैं। योजना के अनुसार धाम के प्रथम गांव माणा गांव, बदरीनाथ मंदिर परिसर और यूथ हॉस्टल में मेडिकल टीम तैनात की गई हैं। इसके साथ ही धाम में एसीएलएस एम्बुलेंस को तैनात किया गया है। जिससे धाम तीर्थयात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी। सिक्स सिग्मा के एडिशनल डायरेक्टर डॉ भारत शर्मा ने कहा कि बदरीनाथ धाम में सिक्स सिग्मा की ओर से मानवीय संवदेन और राष्ट्र सेवा के उद्देश्य के साथ स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जा रही है। सिक्स सिग्मा हेल्थ केयर की ओर से राज्य के विभिन्न उच्च हिमालयी क्षेत्रों में स्थित धार्मिक स्थलों पर स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही है।



# गौचर में निकाली गई भाजपा नगर मंडल के नेतृत्व में तिरंगा शौर्य सम्मान रैली

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** आपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता पर नगरपालिका क्षेत्र गौचर में भाजपा नगर मंडल एवं ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं ने विशाल तिरंगा शौर्य रैली निकाली गई।

इस तिरंगा शौर्य रैली में नगर क्षेत्र के विद्यालयों सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज व राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्र छात्राओं, राष्टवादी विचार धारा के क्षेत्रीय सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोगों ने भी अपनी उपस्थिति से आपरेशन सिन्दूर की शानदार सफलता का जिक्र करते हुए देश के जांबाज जवानों के शौर्य और पराक्रम की सराहना की और आपरेशन सिन्दूर को राष्ट्रीय सम्मान का प्रतीक बताया।

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र नेगी (बद्रीभाई) के नेतृत्व में आयोजित हुऐ तिरंगा शौर्य पराक्रम सम्मान रैली में अर्जुन आवार्डी सुरेन्द्र सिंह कनवासी, पालिका पार्षद चौतन्य बिष्ट, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश डिमरी, जयकृत बिष्ट, गजेन्द्र नयाल, ईश्वर नेगी, लक्ष्मण सिंह रावत, अनिल नेगी, राजन नेगी, दिनेश बिष्ट, यदुवीर खत्री, भागवत मैठाणी, दलवीर कनवासी, दर्शन कण्डारी, कृष्णा रावत आदि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी आदि भारी संख्या में मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के आरोपी के पुत्र के स्थानातंरण में प्रतिकूल टिप्पणी हटाने के दिए आदेश

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** हाई कोर्ट ने नैनीताल में नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म मामले में आरोपित मोहम्मद उस्मान के पुत्र लोक निर्माण विभाग खटीमा अपर सहायक अभियंता रिजवान खान की याचिका स्वीकार करते हुए उनका घनसाली स्थानांतरण आदेश में प्रतिकूल टिप्पणी हटाने के आदेश दिए हैं।

कोर्ट ने ट्रांसफर आदेश पर रोक नहीं लगाई है, साथ ही विभाग को नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की छूट दी है।रिजवान ने दंडात्मक और कलंकपूर्ण स्थानांतरण आदेश को याचिका के माध्यम से चुनौती दी है। जिसके तहत प्रशासनिक आधार पर लोनिवि निर्माण खंड खटीमा से अस्थायी खंड घनसाली , टिहरी गढ़वाल में स्थानांतरित किया गया था।

गुरुवार को वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता कार्तिकेय हरि गुप्ता ने दलील दी कि स्थानांतरण आदेश उत्तराखंड स्थानांतरण अधिनियम– 2017 की धारा 18(4) का उल्लंघन है।साफ किया कि सरकारी कर्मचारी होने के नाते उन्हें स्थानांतरण से कोई परेशानी नहीं है, लेकिन प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरण आदेश में कार्य में शिथिलताष् और वरिष्ठों के आदेशों का पालन न करना का उल्लेख, गलत तरीके से किया गया है।

# स्टोन क्रेशर मामले में न्यायालय की टिप्पणी सरकार के लिए डूब मरने जैसाः मोर्चा

**विकासनगर (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि कल मा. उच्च न्यायालय द्वारा याचिका पर सुनवाई कर सरकार को निर्देश दिए कि प्रदेश में स्थापित समस्त स्टोन क्रशर्स के लिए एक अलग ज़ोन (अलग स्थान पर) घोषित करें, जिससे नदी– नालों, स्कूल– अस्पताल के आसपास स्थापित इन क्रशर्स को हटाया जा सके। इसके साथ–साथ सरकार द्वारा राष्ट्रीय वन्य जीव बोर्ड के नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां पर भी न्यायालय ने सख्ती दिखाई द्यइस मामले को लेकर न्यायालय ने सरकार के कामकाज पर तल्ख टिप्पणी कर कहा कि सरकार सोई हुई हैद्य उक्त टिप्पणी के पश्चात सरकार को डूब मारना चाहिए।




पत्रकार वार्ता के दौरान मोर्चा पदाधिकारी।

न्यायालय का यह चाबुक सराहनीय कदम है। नेगी ने कहा कि पूर्व में धामी सरकार द्वारा इसी प्रकार की जनहित याचिकाओं 104/ 2019 एवं 212/ 2019 में पारित मा. उच्च न्यायालय के आदेशों से घबराकर एवं खनन माफियाओं के हितों पर आंच आने के चलते सरकार द्वारा उत्तराखंड हाई कोर्ट के सरकारी वकीलों को दरकिनार कर सॉलिसिटर जनरल ऑफ़ इंडिया को पैरवी हेतु आबद्ध किया गया था। गौर करने वाली बात यह है कि अगर प्रदेश में स्थापित समस्त स्टोन क्रशर्स हेतु अलग ज़ोन (आस्थान) स्थापित हो जाते हैं तो पूरी रात नदियों में हो रहा अवैध खनन का खेल बंद हो जाएगा, जिससे माफियाओं का हित प्रभावित होगा।

# बंदरखंड में रात्रि विश्राम के बाद मां देवराड़ी देवी सिन्द्रवाड़ी गांव भ्रमण पर पहुंची

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** 12 साल बाद 06 माह की देवरा यात्रा पर निकली रानीगढ़ व धनपुर पट्टी की आराध्य देवराड़ी देवी सैकड़ों गांवों का भ्रमण करते हुए बीते रोज रात्रि विश्राम के लिये नगरपालिका क्षेत्र गौचर के बंदरखंड गांव में पहुंची थी। आज प्रातः काल देवराड़ी देवी सहित लाटू व सिंगलास देवता आदि की पुजारी प्रकाश देवली ने मंत्रोच्चारण के साथ विधि–विधान पूर्वक पूजा पाठ किया। तत्पश्चात देवराड़ी देवी सहित साथ में शामिल देवताओं और ऐरवालों के नृत्य का ग्रामवासियों ने जयघोष के साथ आनन्द लिया। इस मौके पर



ग्रामीणों द्वारा मां भगवती देवराड़ी देवी की सामुहिक व व्यक्तिगत रूप से पूजा अर्चना करते हुए श्रृंगार सामग्री इत्यादि भेंट की और देवी मां से घर गांव व क्षेत्र में सुख समृद्धि और खुशहाली बनी रहने की कामना के साथ मनौतियां मांगी गई।

ग्राम भ्रमण के दौरान दौरान धियाड़ियो व अपने भक्तों को दर्शन व आशीर्वाद देते हुए दोपहर बाद मां देवराड़ी देवी रात्रि विश्राम के लिये सिन्द्रवाड़ी गांव पहुंची जहां पर ग्रामीणों द्वारा देवी मां का जयघोष और पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। चार दिसंबर को देवल गांव स्थित अपने मंदिर के गर्भगृह से बाहर यात्रा पर निकली देवराड़ी देवी 27 मई को बनातोली में विराजमान होगी और नित्य पूजा पाठ व धार्मिक क्रियाकलाप के संपन्न होने पर 5 जून को अपने गर्भगृह में स्थापित हो जायेगी।देवी मां देवराड़ी की इस देवरा यात्रा में पुजारी प्रकाश देवली, देवरा यात्रा समिति के अध्यक्ष उम्मेद सिंह चौधरी, भोग शास्त्री भगवती प्रसाद खंडूड़ी, गणवें करन पाण्डेय, लाटू व सिंगलास देवता और ऐरवालों के रूप में शाहिल और शौरभ पप्पू पाण्डेय जयपाल बिष्ट, प्रेम सिंह बिष्ट, प्रदीप चौधरी, दिग्पाल सिंह चौधरी, वीर सिंह चौधरी, जीतपाल सिंह चौधरी, गंगा सिंह चौधरी, नारायण सिंह चौधरी, सुखदेव चौधरी, सुभाष पांडेय, कुंवर सिंह आदि मौजूद हैं।

24 May 2025_Copy of Layout 1 5/24/2025 1:17 PM Page 7



# जिलाधिकारी सविन बंसल की कार्यवाही मात्र कार्य स्वीकृति, टेंडर, बजट प्रबंधन तक सीमित नहीं

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** दून की धडकन ''घंटाघर'' जल्द ही भव्य और दिव्य स्वरूप में नजर आएगा। जिला प्रशासन के अभूतपूर्व प्रयासों से ऐतिहासिक धरोहर घंटाघर सौंदर्यीकरण का काम आखिरी चरण में चल रहा है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने शुक्रवार को घंटाघर, दिलाराम व ब्रह्म कमल चौक चौराहों पर चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। डीएम ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि सौन्दर्यीकरण कार्यो को गुणवत्ता के साथ तय समय में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।



मुख्यमंत्री की प्रेरणा से जिलाधिकारी सविन बंसल ने राजधानी देहरादून के प्रमुख चौक चौराहों, ऐतिहासिक स्थल एवं धरोहरों को पहाड़ी शैली में सवांरने का बीडा उठाया है। पहले चरण में 05 प्रमुख चौक चौराहे लिए गए है। इसके बाद कई अन्य चौक चौराहों को भी चिन्हित किया गया है। दून की धडकन घंटाघर चौक को यातायात हेतु भी सुगम बनाया जा रहा है। जिलाधिकारी चार्ज संभालते ही देहरादून में आम जनमानस की सुगम सुविधा एवं व्यवस्थित यातायात के लिए योजनाबद्ध तरीके से बजट का प्रावधान करते हुए विकास कार्यो को गति प्रदान करने में जुटे है। ऐतिहासिक घंटाघर एवं अन्य चौक चौराहें जल्द ही पहाड़ी शैली में भव्य एवं आकर्षक स्वरुप में दिखेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि घंटाघर हमारी राजधानी का प्रतिष्ठित स्मारक है। इसका अपना सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व है। यह हमारे राज्य की धरोहर है। शहर के मध्य में होने के कारण हर रोज यहां से हजारों पर्यटक एवं आम नागरिक गुजरते है। यहां से गुजरने वाले हर पर्यटक व नागरिक को उत्तराखंड राज्य की संस्कृति से रूबरू कराने के लिए घंटाघर सहित कोठाल गेट, साईं मंदिर, दिलाराम, ब्रह्म कमल जैसे प्रमुख चौक चौराहों को पहाड़ी शैली में सौंदर्यीकरण किया जाना आवश्यक था। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के माध्यम से यातायात को सुगम बनाने और दुर्घटनाओं को कम करने के लिए कठोल गेट व साई मंदिर चौक में एक नई स्लिप रोड भी अलग से बनाई गई है। इसके अलावा 11 रेड लाइट जंक्शन पर ट्रैफिक लाइट स्थापित की गई है। जिलाधिकारी ने ग्रेट वैल्यू चौक में ब्रह्मकमल के कारण चौक की गोलाई अधिक होने से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही थी। इस चौक को नया स्वरूप देने के लिए नए डिजाइन के साथ चौक का सौन्दर्यीकरण व सुधारीकरण के लिए काम शुरू कर दिया गया है। जिससे आने वाले समय में ये चौक चौराहें अपनी सुन्दरता के साथ आवगमन में भी सुगम बनेगा तथा सड़क दुर्घटनों पर प्रभावी अंकुश लग सकेगा। वहीं ये ऐतिहासिक स्थल अपने भव्य स्वरूप से जनमानस को आकर्षित करेगे।



## आहना बिष्ट ने जीता मिस टीन एक्टिव का खिताब

**देहरादून।** एम्बेलिश टैलेंट मैनेजमेंट की ओर से मिस टीन उत्तराखंड का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत शुक्रवार को श्मिस टीन एक्टिवश प्रतियोगिता कराई गई। इस मौके पर आहना बिष्ट ने मिस टीन एक्टिव–2025 का खिताब जीता। शुक्रवार को हरिद्वार रोड स्थित सुंदर नेचुरोविला रिसोर्ट में मिस टीन एक्टिवश सब टाइटल हुआ। जहां प्रतिभागियों से स्विमिंग पूल में अलग–अलग तरह की एक्टिविटी कराई गई और पानी में सबसे एक्टिव दिखी आहना बिष्ट ने मिस टीन एक्टिव–2025 का खिताब अपने नाम करा लिया। इस मौके पर एम्बेलिश टैलेंट मैनेजमेंट की निदेशक ख्याति शर्मा ने बताया कि 13 से 19 साल की युवतियां इसमें हिस्सा ले रही हैं।

## होंडा ने भारत में बढ़ाई बाइक बनाने की क्षमता, चौथे प्लांट में शुरू हुई नई लाइन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्रा. लि. (एचएमएसआई), जो भारत में होंडा की मोटरसाइकिल उत्पादन और बिक्री से जुड़ी सहायक कंपनी है, ने अपने चौथे संयंत्र (विठलापुर, जिला अहमदाबाद, गुजरात) में चौथी प्रोडक्शन लाइन स्थापित करने की घोषणा की है।

यह नई लाइन वर्ष 2027 से चालू होगी और इसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 6.5 लाख यूनिट होगी। इसके साथ ही संयंत्र की कुल क्षमता बढ़कर 26.1 लाख यूनिट प्रति वर्ष हो जाएगी, जिससे यह संयंत्र होंडा का विश्व में सबसे बड़ा मोटरसाइकिल असेंबली प्लांट बन जाएगा। फिलहाल एचएमएसआई के भारत में कुल चार उत्पादन संयंत्र हैं, जिनकी संयुक्त वार्षिक उत्पादन क्षमता 61.4 लाख यूनिट है। कंपनी ने अप्रैल 2025 में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए कुल उत्पादन में 7 करोड़ यूनिट का आंकड़ा पार कर लिया है, जो कि वर्ष 2001 में उत्पादन शुरू करने के 25 वर्षों बाद हासिल हुआ है। विठलापुर स्थित चौथा संयंत्र फरवरी 2016 में 6 लाख यूनिट वार्षिक क्षमता के साथ चालू हुआ था। जून 2016 में दूसरी प्रोडक्शन लाइन जुड़ने से इसकी क्षमता बढ़कर 12 लाख यूनिट हुई और जनवरी 2024 में तीसरी लाइन शुरू होने के साथ यह आंकड़ा 19.6 लाख यूनिट तक पहुँच गया।अब चौथी लाइन की स्थापना के लिए होंडा इस संयंत्र परिसर में लगभग 920 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

## हल्द्वानी में अत्याधुनिक सुविधाओं वाले मीरा स्पीच एंड हियरिंग वाइडएक्स साउंड सेंटर का शुभारंभ, प्रदेश में सुनने की समस्या से जूझ रहे लोगों को मिलेंगे बेहतर सेवाएँ

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** वाइडएक्स इंडिया ने आज बड़े गर्व के साथ उत्तराखंड के हल्द्वानी में अपने नए उद्यम – मीरा स्पीच एंड हियरिंग वाइडएक्स साउंड सेंटर का उद्घाटन किया है, जो भारत में हियरिंग केयर को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े बताते हैं कि, भारत में अनुमानित तौर पर 63 मिलियन लोग सुनने की गंभीर समस्या के साथ जी रहे हैं कृ इससे यह जाहिर होता है कि देश में हियरिंग हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर और सेवाओं का जल्द–से–जल्द उपलब्ध होना बेहद जरूरी है। वाइडएक्स का यह नया साउंड सेंटर इस प्रदेश में हियरिंग केयर के क्षेत्र में एक बड़ी छलांग को दर्शाता है, जहां अत्याधुनिक तकनीक



तथा निजी जरूरतों के अनुरूप सेवाओं के अलावा सुनने एवं बोलने की अलग–अलग तरह की समस्याओं से पीड़ित लोगों के लिए उन्नत समाधान उपलब्ध है। जो इस इंडस्ट्री को नई राह दिखाने वाला इनोवेशन है, जिसे आवाज को कुदरती तौर पर, और बिना किसी बदलाव के लोगों के कानों तक पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है। वाइडएक्स उसके हियरिंग एड में प्योरसाउंड तकनीक मौजूद होती है, जिससे वे उपयोगकर्ता के माहौल के अनुसार लगातार अनुकूलित होते रहते हैं, इस तरह उन्हें सुनने का सहज एवं व्यक्तिगत अनुभव प्राप्त होता है।

# श्री गुरु राम राय यूनिवर्सिटी और यूनिवसिटी ऑफ पेट्रोलियम ने एमओयू किया साइन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** श्री गुरु राम राय यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एण्ड एनर्जी स्टडीज के बीच गुरुवार को एमओयू साइन हुआ।

एमओयू के अन्तर्गत दोनों संस्थान कम्प्यूटर साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी, अनुसंधान सहयोग, योगिक साइंस व ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट पर मिलकर काम करेंगे। श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय की ओर से डॉ लोकेश गम्भीर, कुलसचिव और यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियन की ओर से मनीष मदान, कुलसचिव ने एमओयू पर साइन किये। दोनों संस्थानों के बीच



एमओयू साइन के दौरान दोनों विश्वविद्यालयों के पदाधिकारी।

एमओयू होने पर श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के माननीय प्रसीडेंट श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज व पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी के माननीय प्रेसीडेंट डॉ सुनील राय ने बधाई एवम् शुभकामनाएं दीं। श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ कुमुद सकलानी ने कहा कि एमओयू का लाभ दोनों संस्थानों के छात्र–छात्राओं और फेकल्टी सदस्यों को मिलेगा। विभिन्न विषयों में स्नातकोत्तर छात्र–छात्राओं के अनुसंधान कार्यक्रमों में सहयोगी विश्वविद्यालयों को विभिन्न स्तर पर एक दूसरे का सहयोग मिलेगा। यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एण्ड एनर्जी स्टडीज के कुलपति डॉ राम के शर्मा ने कहा कि दोनों संस्थानों के रिसर्च स्कोलर्स को मिलकर काम करने का अवसर मिलेगा। कम्प्यूटर साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में देश विदेश में विभिन्न विषयों पर हो रहे शोध एवम् अनुसंधान कार्यों पर परस्पर मिलकर सहयोगी के रूप में दोनों संस्थान शोध एवम् अनुसंधान कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। इस अवसर विपिन घिल्डियाल, मुख्य सलाहकार, एसजीआरआर एजुकेशन मिशन, प्रो. द्वारिका मैठाणी, डायरकेटर इनोवेशन एण्ड इन्क्यूबेशन सेंटर, डॉ सुरेन्द्र रयाल आदि उपस्थित रहे।

# राज्यपाल व सीएम ने हेमकुण्ड साहिब यात्रा के लिए जाने वाले प्रथम जत्थे को किया रवाना

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को ऋषिकेश से पंज प्यारों की अगुवाई में हेमकुण्ट साहिब यात्रा के लिए जाने वाले प्रथम जत्थे को रवाना किया।

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने इस दौरान यात्रा के लिए जाने वाले संगतों के प्रथम जत्थे को बधाई देते हुए उनके सुगम व सुरक्षित यात्रा की कामना की। राज्यपाल ने कहा कि श्री हेमकुण्ट साहिब की यह यात्रा आस्था, भक्ति और विश्वास की प्रतीक है। 15 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित यह तीर्थ स्थल तक की लगभग 18 किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा हर श्रद्धालु की धैर्य, साहस और आस्था की परीक्षा है। राज्यपाल ने सिख गुरुओं के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि ''स्वाभिमान,



राज्यपाल व सीएम का स्वागत करते हुए।

साहस, बलिदान, परिश्रम और सेवा'' सिख परंपरा के मूल स्तंभ हैं। उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह जी की वाणी ''निश्चय कर अपनी जीत करौं'' को आत्मसात करते हुए श्रद्धालुओं से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि सरकार श्री हेमकुण्ट साहिब यात्रा को अधिक सरल, सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने प्रशासन और गुरुद्वारा प्रबंधन समिति द्वारा यात्रा मार्गों पर की गई तैयारियों की सराहना की। राज्यपाल ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि वे प्लास्टिक मुक्त यात्रा को अपनाएं और स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देकर 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को बढ़ावा दें। राज्यपाल ने यात्रा आयोजन से जुड़े गुरुद्वारा प्रबंधन समिति, सेवादारों, प्रशासनिक अधिकारियों और सुरक्षा बलों को उनके सतत प्रयासों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और यात्रा की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि श्री हेमकुण्ट साहिब की यात्रा हमारे राज्य की धार्मिक, आध्यात्मिक, संस्कृति का अनुपम संगम है। हेमकुण्ट साहिब सिख समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यह भूमि आज भी दिव्य ऊर्जा का केंद्र है। प्रत्येक श्रद्धालु में हेमकुण्ट साहिब जाकर आत्मिक शांति का अनुभव और नई चेतना का संचार होता है। उन्होंने कहा दुर्गम क्षेत्र, मौसम की कठिनाई के बावजूद हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रत्येक वर्ष इस यात्रा में शामिल होते हैं। अब तक 60 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने हेमकुण्ट साहिब के लिए रजिस्ट्रेशन किया है।

## हेमकुंड साहिब के लिए पहला जत्था रवाना

**ऋषिकेश।** सिखों की पवित्र तीर्थ स्थल हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खुलने जा रहे हैं। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व राज्यपाल गुरमीत सिंह ने हेमकुंड साहिब की यात्रा पर जाने वाले पहले जत्थों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और उन्हें सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि हेमकुंड साहिब सिर्फ सिख समुदाय का धर्म स्थल नहीं है हर साल यहां हजारों लोग अन्य तमाम धर्मों के भी जाते हैं।

## सरकारी दफ्तर मे घुसकर उग्र प्रदर्शन से सामने आया कांग्रेस का अलोकतांत्रिक चेहराः चौहान

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा ने शीर्ष कांग्रेस नेताओं के नेतृत्व में अल्मोड़ा स्थित सरकारी ऑफिस में घुसकर उग्र प्रदर्शन की कड़े शब्दों में भर्त्सना की है।

इसे संविधान बचाने का दावा करने वालों का असली अलोकतांत्रिक चेहरा बताया। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने कहा, अल्मोड़ा में किए इस अलोकतांत्रिक कृत्य से साबित हुआ है कि कांग्रेस पार्टी का संविधान और लोकतंत्र में विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बड़े नेता जेब में संविधान की किताब लेकर घूमते हैं और लोकतंत्र बचाने का दावा करते हैं। लेकिन जिस तरीके से मुख्य विपक्षी दल ने संविधान की अवहेलना करते हुए कानून अपने हाथ में लिया है वह घोर निंदनीय है। कांग्रेसियों ने एक सरकारी दफ्तर में घुसकर उग्र प्रदर्शन तथा प्रशासनिक तंत्र को धमकाने और उनके कामकाज में बाधा डालने का काम किया है।

चौहान ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि यह सब घटनाक्रम उनके बड़े नेताओं की मौजूदगी में अंजाम दिया गया। वहां पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और तमाम विधायक मौजूद थे और वह अनियंत्रित भीड़ का नेतृत्व कर रहे थे। कांग्रेस की यह गुंडागर्दी और अराजक मानसिकता को लेकर कानून तो अपना काम करेगा ही, साथ ही जनता भी देख रही है और समय आने पर चुनावों में अवश्य करारा जबाव देगी।

## उत्तराखण्ड भाजपा को जल्द नया अध्यक्ष मिलने के संकेत

**देहरादून।** उत्तराखण्ड भारतीय जनता पार्टी में नए प्रदेश अध्यक्ष के लिए चुनाव की प्रक्रिया जल्द शुरू हो सकती है। प्रदेश चुनाव अधिकारी खजान दास द्वारा 15 जून तक प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होने की आशंका जताने के बाद उत्तराखंड पहुंचे भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम ने भी इस ओर संकेत दिए हैं। पहलगाम में आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के चलते भाजपा में प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई थी। हालांकि पहले यही माना जा रहा था कि प्रदेश संगठन को 30 अप्रैल तक नया प्रदेश अध्यक्ष मिल जाएगा। अब जबकि भारत–पाक सीमा पर तनाव कम हुआ है और हालात भी सामान्य होते दिखाई दे रहे हैं।

## न्यूज डायरी

### ज्योतिर्मठ के नृसिंह मंदिर में खोई श्रद्धालु की सोने की अंगूठी, महिला कांस्टेबल ने तत्परता दिखाते हुए ढूंढकर लौटाई



**चमोली।** आज कुछ श्रद्धालु ज्योतिर्मठ स्थित नृसिंह मंदिर में दर्शन के लिए आए थे। मंदिर परिसर में दर्शन के दौरान उनकी सोने की अंगूठी कहीं गुम हो गई। अंगूठी न देखकर श्रद्धालु परेशान हो गए और उन्होंने इसकी सूचना मंदिर परिसर के पास में ड्यूटी पर मौजूद महिला कांस्टेबल आरती को दी। सूचना मिलते ही म0कां0 आरती ने बिना देरी किए तत्काल खोई हुई अंगूठी की ढूंढखोज शुरू कर दी। उनकी लगन और तत्परता का नतीजा रहा कि कुछ ही समय की तलाश के बाद उन्होंने श्रद्धालु की खोई हुई सोने की अंगूठी ढूंढ निकाली। म0कां0 आरती ने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए वह अंगूठी तत्काल संबंधित श्रद्धालु को लौटा दी।

अपनी खोई हुई और कीमती अंगूठी वापस मिलने पर श्रद्धालु की खुशी का ठिकाना न रहा। उन्होंने महिला कांस्टेबल आरती के इस कार्य की सराहना करते हुए पुलिस प्रशासन का दिल से धन्यवाद किया।

## विविधताओं से भरपूर दून हस्तशिल्प बाजार का आयोजन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** हर्षल फाउंडेशन, आई वी एफ एवं फिक्की फ्लो उत्तराखंड के संयुक्त तत्वाधान में 27 और 28 मई को देहरादून के सैफरन लीफ होटल में एक भव्य एवं विविधताओं से भरपूर दून हस्तशिल्प बाजार का आयोजन करने जा रहा है।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य देशभर के हस्तशिल्प कलाकारों, विशेषकर महिला उद्यमियों को एक साझा मंच प्रदान करना है, जहाँ वे अपनी कला का प्रदर्शन एवं विपणन कर सकें। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के पारंपरिक हस्तशिल्प उत्पाद जैसे लकड़ी का काम, मिट्टी की कलाकृतियाँ, हैंडमेड



पत्रकार वार्ता के दौरान आयोजक।

ज्वेलरी, बुनाई एवं कढ़ाई से बने वस्त्र, बांस एवं बेंत की वस्तुएँ प्रदर्शित की जाएँगी। कार्यक्रम में महिलाओं को सशक्त करने एवं उन्हें प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से कई विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें शामिल हैं। उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान समारोह, महिलाओं का फैशन शो, बच्चों का फैशन शो, ओपन माइक कार्यक्रम, कविता, संगीत, कहानी आदि की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। हरशल फाउंडेशन की ट्रस्टी सेक्रेटरी रमा गोयल ने कहा, "दून हस्तशिल्प बाजार न केवल कारीगरों के लिए एक व्यापारिक अवसर है, बल्कि यह मंच महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और उनकी मेहनत को समाज के सामने लाने का प्रयास भी है।"

## पेज 01 का शेष...

### निजी विश्वविद्यालय पलायन रोकने को शोध एवं अनुसंधान के माध्यम से सहयोग करें: राज्यपाल

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मेटा तथा क्वांटम जैसी नवीन तकनीकों को अपनाकर उसमें शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा देना समय की मांग है। राज्यपाल ने कहा कि केंद्र सरकार ने भी एआई स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए इंडिया एआई मिशन शुरू किया है और हमारे विश्वविद्यालयों को भी इस क्षेत्र में बढ़–चढ़कर प्रतिभाग करना चाहिए। राज्यपाल ने इन क्षेत्रों में अनुसंधान, कोर्स डेवलपमेंट और इंडस्ट्री–अकेडमिक पार्टनरशिप को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। राज्यपाल ने बेहतर समन्वय और आपसी सहयोग पर जोर देते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों को एक–दूसरे के संसाधनों, विशेषज्ञता और नवाचार क्षमताओं को साझा करने की आवश्यकता है, जिससे उत्तराखण्ड न केवल शैक्षिक दृष्टि से अग्रणी बने बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में योगदान कर सके। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों द्वारा प्रस्तुत उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस बैठक में सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, सचिव उच्च शिक्षा डॉ. रंजीत सिन्हा, विधि परामर्शी राज्यपाल अमित कुमार सिरोही के अलावा निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति, प्रतिनिधि एवं राजभवन के अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com
Website : www.nazariyakhabar.com
डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19